कन्हैया आप आ जाओ मेरा मन याद करता है ,

कन्हैया आप आ जाओ मेरा मन याद करता है ,
मेरा मन याद करता है नैयन से नीर बहता है
सांवरिया आप आ जाओ मेरा मन याद करता है....

मैं अंधी हूं मैं निर्बल हूं नहीं कोई सहारा है
उजाला बनके आ जाओ मेरा मन याद करता है
सांवरिया आप आ जाओ....

पड़ी मझधार में नैया किनारा कोई नहीं मेरा
खिवैया आप आ जाओ मेरा मन याद करता है
सांवरिया आप आ जाओ....

ये जमुना जी की लहरें हैं कंदब की ठंडी छाया है
दर्श एक बार दे जाओ मेरा मन याद करता है
सांवरिया आप आ जाओ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34222/title/kanhayia-aap-aa-jao-mera-man-yad-karta-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |